# <u>ब्रेन इंटरनेशनल स्कूल</u>

**विषय हिंदी** **कक्षा 9 अभ्यास पत्र** **जनवरी 2025**

**(अपठित बोध)**

**प्रश्न - निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ें तथा उससे संबंधित प्रश्नों के उत्तर दें ।**

कार्य का महत्त्व और उसकी सुंदरता उसके समय पर संपादित किए जाने पर ही है। अत्यंत सुघड़ता से किया हुआ कार्य भी यदि आवश्यकता से पूर्व न पूरा हो सके तो उसका किया जाना निष्फल ही होगा। चिड़ियों द्वारा खेत चुग लिए जाने पर यदि रखवाला उसकी सुरक्षा की व्यवस्था करे तो सर्वत्र उपहास का पात्र ही बनेगा।उसके देर से किए गए उद्यम का कोई मूल्य नहीं होगा। श्रम का गौरव तभी है जब उसका लाभ किसी को मिल सके। इसी कारण यदि बादलों द्वारा बरसाया गया जल कृषक की फ़सल को फलने-फूलने में मदद नहीं कर सकता तो उसका बरसना व्यर्थ ही है। अवसर का सदुपयोग न करने वाले व्यक्ति को इसी कारण पश्चाताप करना पड़ता है।

(क) जीवन में समय का महत्त्व क्यों है?

(i) समय काम के लिए प्रेरणा देता है।

(ii) समय की परवाह लोग नहीं करते।

(iii) समय पर किया गया काम सफल होता है।

(iv) समय बड़ा ही बलवान है।

(ख) खेत का रखवाला उपहास का पात्र क्यों बनता है?

(i) खेत में पौधे नहीं उगते।

(ii) समय पर खेत की रखवाली नहीं करता।

(iii) चिड़ियों का इंतजार करता रहता है।

(iv) खेत पर मौजूद नहीं रहता।।

(ग) <u>चिड़ियों द्वारा खेत चुग लिए जाने पर यदि रखवाला</u> उसकी सुरक्षा की व्यवस्था करे तो सर्वत्र उपहास का पात्र ही बनेगा। रेखांकित पद है -

(i) संज्ञा

(ii) सर्वनाम

(iii) क्रिया

(iv) क्रियाविशेषण

(घ) बादल का बरसना कब व्यर्थ है ?

(ङ)उपरोक्त गद्यांश का मुख्य भाव क्या है?

**(व्यावहारिक व्याकरण)**

**प्रश्न 2- सही विकल्प चुनिए –**

I ) शब्द और पद में अंतर स्पष्ट कीजिए ।

II ) संधि कीजिए-

क) मही + ईश

ख) मत + ऐक्य

ग) ज्ञान + उपदेश

घ) सु + आगत

III ) सन्धि-विच्छेद कीजिए-

क) अत्यधिक
ख) अनाथालय
ग) कपीश
घ) भवन
ङ) प्रत्यक्ष

IV ) निम्न शब्दों में अनुस्वार अथवा अनुनासिक का प्रयोग कर पुनः लिखें-

क) झाक
ख) फासी
ग) भवरा
घ) दरिदा
ङ) काच
च) बासुरी

V ) प्रत्यय तथा मूल शब्द अलग -अलग करके लिखें-

क) थकावट
ख) पागलपन
ग) डिबिया
घ) नकली
ङ) शारीरिक

(VI ) उपसर्ग तथा मूल शब्द अलग -अलग करके लिखें-

क) उपहार
ख) निरादर
ग) स्वतंत्र
घ) सुमंगल
ङ) अनुभूति
च) बेख़बर

VII ) उचित विराम चिह्न लगाइए-

क) हाँ मैं कविता गाऊँगा
ख) सत्य अहिंसा और प्रेम जीवन के मूल आधार हैं
ग) गांधी जी ने कहा परिश्रम का कोई विकल्प नहीं
घ) तुम कल विद्यालय क्यों नहीं आए

VIII ) निर्देशानुसार कीजिए-

क) शायद आज बारिश हो । (वाक्य का भेद लिखें )
ख) वाह ! क्या सुंदर दृश्य है । (वाक्य का भेद लिखें )
ग) पक्षी आकाश में उड़ रहे हैं। (वाक्य का भेद लिखें )
घ) गाड़ी स्टेशन पर आ चुकी है। (संदेहवाचक वाक्य में बदलिए )
ङ) चलते-चलते वह पेड़ की छाया में बैठ गया। (प्रश्नवाचक वाक्य में बदलिए )

## पाठ्य पुस्तक – (स्पर्श भाग-1)

**प्रश्न 3 पठित पद्यांश के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

उभरी नसोंवाले हाथ
घिसे नाखूनोंवाले हाथ
पीपल के पत्ते से नए नए हाथ
जूही की डाल से खुशबूदार हाथ
गंदे कटे पिटे हाथ
जख्म से फटे हुए हाथ
खुशबू रचते हैं हाथ
खुशबू रचते हैं हाथ!

(क) उपरोक्त पद्यांश के रचयिता हैं-
i.अरुण कमल
ii.कमल अरुण
iii.हरिवंश राय 'बच्चन'
iv.रामधारी सिंह 'दिनकर'

(ख)कवि का 'खुशबू रचते हैं हाथ' से क्या अभिप्राय है ?
i. अगरबत्ती बनाने वाले हाथों से
ii. गुलदस्ता बनाने वाले हाथों से
iii. इत्र बनाने वाले हाथों से
iv. दलित वर्ग से

(ग) अगरबत्ती बनाने वाले कारीगरों के हाथ कैसे होते हैं ?
i. हाथों में उभरी हुई नसें
ii. हाथों के नाखून घिसे हुए
iii. कोमल और खुशबूदार
iv. उपरोक्त सभी

उपरोक्त पद्यांश से कवि आपको क्या सीख दे रहा है ?
i. निम्न वर्ग के लोगों के शोषण के प्रति जागरूक हों।
ii. अगरबत्ती बनाने का कार्य केवल निम्न वर्ग के लोगों को ही करना चाहिए।
iii. हमें निम्न वर्ग के लोगों से काम नहीं करवाना चाहिए।
iv. हम सब को मिलकर अगरबत्तियाँ बनानी चाहिए।

**प्रश्न 4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें -( गद्य भाग )**

क) गांधीजी के जीवन में महादेव का क्या स्थान रहा?
ख) बुढ़िया और संभ्रांत महिला में क्या समानताएँ और असमानताएँ थीं ?
ग) अतिथि के प्रति लेखक के व्यवहार में क्या परिवर्तन आया और क्यों ?
घ) प्रयोगशाला में रामन् के काम करने की तुलना हठयोग से क्यों की गई है?
ङ) पर्वतारोहियों ने एवरेस्ट पर चढ़ने के लिए कितने कैंप बनाए थे ? विस्तारपूर्वक लिखिए।

**प्रश्न 5 . निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें -( पद्य भाग )**

क) रैदास की भक्ति की विशेषताओं का वर्णन करें।
ख) 'अग्निपथ' कविता से आपको क्या सीख मिलती है ?
ग) प्रेमी का गाना सुनकर प्रेमिका मन में क्या सोचती है ?
घ) रहीम जी के दोहों का केंद्रीय भाव विस्तार पूर्वक लिखिए ।
ङ) अंत में कवि को अपना घर ढूँढ़ने का क्या उपाय नज़र आता है?

च) ‘**कूड़े कड़कट के ढेरों के बाद**’ शब्दों से खुशबू रचने वालों के परिवेश के बारे में क्या पता चलता है?

**पाठ्य पुस्तक – (संचयन )**

**प्रश्न 6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें -**

क) महादेवी वर्मा जी ने गिल्लू का उपचार किस प्रकार किया ?

ख) लेखक के छोटे भाई के रोने का क्या कारण था ?

ग) स्थानीय आदिवासियों के अनुसार उनाकोटी में बनी आधार-मूर्तियों का निर्माण किसने किया?

घ) लेखक को पुरस्कार स्वरूप मिली दोनों पुस्तकों का कथ्य क्या था? ‘मेरा छोटा-सा निजी पुस्तकालय’ पाठ के आधार पर लिखिए।

**रचनात्मक कार्य**

**प्रश्न 7. निम्नलिखित विषय पर अनुच्छेद लिखें -**

**भ्रष्टाचार का दानव**

**संकेत बिंदु - भ्रष्टाचार क्या है? , देश के लिए घातक ,भ्रष्टाचार का दुष्प्रभाव, लोगों की भूमिका।**

**प्रश्न 8.आप छात्रावास में रहते हैं। आपको पिता जी से पता चला है कि आपकी माता जी पूरे परिवार का तो ध्यान रखती हैं, किंतु अपने स्वास्थ्य की अक्सर अनदेखी करती हैं। माता जी को समझाते हुए लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए।**

**प्रश्न 9. निम्नलिखित विषय पर संवाद 40-50 शब्दों में लिखें ।**

**पिकनिक के आयोजन को लेकर शिक्षक और विद्यार्थी के बीच बातचीत ।**

**प्रश्न 10. दिए गए चित्र का वर्णन अपने शब्दों में करें ।**

